मुंबई में उद्योगपतियों से मिले योगी

सुरक्षा, सम्मान व माहौल देंगे, यूपी में करें निवेश

कहा- प्रदेश की आबादी हमारा संसाधन, यहां बड़ा बाजार भी

बोले- जल्द ही उत्तर प्रदेश में होंगी विश्वस्तरीय बुनियादी सुविधाएं, तेजी से हो रहे विकास कार्य

- एक्सप्रेस-वे के किनारों के औद्योगिक गलियारे और ओडीओपी क्लस्टर में निवेश का दिया न्योता

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ/मुंबई। प्रदेश में उद्योग को बढ़ावा देने और यहां रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए मुंबई पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई उद्योगपतियों से मुलाकात की। उन्हें बताया कि यूपी असीमित संभावनाओं वाला प्रदेश है। हम सुरक्षा, सम्मान और अनुकूल माहौल देंगे। आने वाले कुछ वर्षों में यूपी बुनियादी सुविधाओं के विकास में वैश्विक स्तर पर टक्कर लेगा। हमारी आबादी हमारा संसाधन है और उद्योगपतियों के लिए बाजार भी। टूरिज्म, फिल्मसिटी, 'एक जिला-एक उत्पाद' और एमएसएमई सेक्टर में निवेश की बहुत संभावनाएं हैं।

मुंबई के एक होटल में देश के बड़े उद्योगपतियों से बातचीत में सीएम ने उन्हें यूपी में निवेश के लिए आमंत्रित किया और प्रदेश में बड़े पैमाने पर किए गए इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट के बारे में बताया। कहा कि प्रदेश सरकार जेवर (नोएडा) में एशिया का सबसे बड़ा ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट बना रही है। पूर्वांचल, पूर्वांचल लिंक और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का निर्माण जारी है। मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाला करीब 600 किलोमीटर लंबा गंगा एक्सप्रेस-वे जून 2021 से बनना शुरू हो जाएगा। इसके किनारे पर औद्योगिक गलियारे बनाए जाएंगे। हर जिले के एक जिला-एक उत्पाद के लिए क्लस्टर भी बनाएंगे।

सीएम योगी ने बीएसई में किया बांड बेल रिंगिंग सेरेमनी का शुभारंभ।

लखनऊ नगर निगम का बांड बीएसई में लिस्ट

लखनऊ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में बुधवार को लखनऊ नगर निगम का बांड लिस्ट हो गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बीएसई का घंटा बजाकर बांड बेल रिंगिंग सेरेमनी का शुभारंभ किया। इसी के साथ लखनऊ नगर निगम बांड जारी करने वाला उत्तर भारत का पहला नगर निगम बन गया। >> पेज 3

किसी का निवेश या अवसर छीनने मुंबई नहीं आया

लखनऊ/मुंबई। शिवसेना व महाराष्ट्र सरकार के विरोध पर योगी ने कहा कि वह मुंबई से कोई चीज ले जाने या किसी का निवेश या अवसर छीनने नहीं आए हैं। मुंबई की इंडस्ट्री यहीं रहेगी। वह देश को दूसरा वर्ल्ड क्लास फिल्म सिटी देने जा रहे हैं। नोएडा फिल्म सिटी दुनिया में सबसे खूबसूरत होगी। इसके निर्माण के पीछे किसी का निवेश छीनने या किसी के विकास में बाधा डालने की मंशा नहीं है। हमारा उद्देश्य है कि दुनिया में भारत का तेजी से आर्थिक विकास हो। यह फिल्म और कुछ का मामला नहीं है। इसमें सिर्फ यूपी ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लोग काम कर सकेंगे। यह विश्व स्तरीय सुविधाएं देंगे, अच्छा वातावरण बनाने की खुली स्पर्धा है। यूपी इसके लिए तैयार है। ब्यूरो

दुनिया में सबसे खूबसूरत होगी अपनी फिल्म सिटी

>> संजय राउत बोले- फिल्म सिटी को शिफ्ट करना आसान नहीं : पेज 3